तैयारी: प्रदेश के 11 जिलों में बनेंगे टेक्सटाइल पार्क

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल हब बनाने के लिए 11 नए निजी टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे। यह टेक्सटाइल पार्क गोरखपुर, मऊ, भदोही, अलीगढ़, बागपत और शामली आदि जिलों में बनाए जाएंगे। इससे चीन सहित अन्य देशों या दूसरे प्रदेशों से यूपी को रॉ मटेरियल आदि नहीं मंगाने पड़ेंगे।

शामली जिले में 726 करोड़ की लागत से प्रदेश का पहला निजी टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा। प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में 11 निजी टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से रॉ मटेरियल से लेकर विभिन्न वस्त्र आदि बनाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति- 2022 के तहत प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग आलोक कुमार की अध्यक्षता में शासकीय स्वीकृति समिति की बैठक में निजी टेक्सटाइल पार्क के विकास के लिए आयनेक्स टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड सैद्धान्तिक स्वीकृति दी गई।

■ शामली में स्थापित होगा, लेटर ऑफ कंफर्ट जारी

यूपी को ड्रोन हब बनाने की योजना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार अब ड्रोन निर्माण सेक्टर में निजी निवेश बढ़ाने पर फोकस करने जा रही है। सरकार अब ड्रोन निर्माण नीति भी तैयार कर रही है। इसके तहत इस क्षेत्र में निवेश करने वाली निजी कंपनियों को तमाम तरह की सहूलियतें दी जाएंगी। ड्रोन निर्माण क्षेत्र में टाटा एडवान्सड सिस्टम कंपनी ने 2000 करोड़ रुपये के निवेश से ड्रोन निर्माण व असेंबल यूनिट स्थापित करने में रुचि दिखाई है। इन्वेस्ट यूपी उसके प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। ड्रोन आचार्य कंपनी ने यूपी में निर्माण, स्किलिंग, टेस्टिंग सुविधा संयंत्र लगाने का की तैयारी है। ड्रोन निर्माण सेक्टर की बड़ी कंपनी रापे एमपिबिर ने राज्य में ड्रोन हब बनाने का प्रस्ताव दिया है।